दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में



वर्ष :- 03 अंक :- 81 मुरादाबाद, 10 July 2023 (Monday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## उत्तर भारत में कहर बनकर बरस रही बारिश, कई लोगों की मौत; दिल्ली में 41 साल का रिकॉर्ड टूटा



ऑनलाइन डेस्क। उत्तर भारत के कई राज्यों में बीते दो दिनों से हो रही बारिश से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ और दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर भारत के कई राज्यों में बीते दो दिनों से हो रही बारिश से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ और दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने दिल्ली हरियाणा हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड राजस्थान पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारी बारिश से सड़कों पर सैलाब- आईएमडी ने दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बता दें कि दिल्ली में कल से लगातार बारिश हो रही है, जिससे सड़कों पर पानी भर आया है।दिल्ली में टूटा 41 साल का रिकॉर्ड- राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हो गया है। शहर में 24 घंटों में 153 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में सबसे अधिक है। इस बारिश ने 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में रविवार को भी भारी बारिश जारी रही। साथ ही गुरुग्राम के कई हिस्सों में भी जलभराव और बिजली कटौती की समस्या उत्पन्न हुई।अलग-अलग घटनाओं में कई लोगों की मौत जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में एक 58 वर्षीय महिला की उसके फ्लैट की छत गिरने से मौत हो गई, जबकि राजस्थान में बारिश के कारण चार लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रविवार सुबह बारिश के कारण एक घर गिर पड़ा, जिसमें एक महिला और उसकी छह साल की बेटी की मौत हो गई। इसी तरह की एक घटना में हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। साथ ही जम्मू-कश्मीर में शनिवार को पुंछ जिले में अचानक आई बाढ़ से सेना के दो जवानों की मौत हो गई।दक्षिण भारत में भी बारिश जारी-इधर, दक्षिण भारतीय राज्य केरल और कर्नाटक के कई इलाकों में भी लगातार बारिश हो रही है। हिमाचल में सड़कें बंद- इसके साथ ही मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के सात जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में कई जगह भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई है। वहीं, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। साथ ही चंडीगढ़ में पूरे दिन बारिश होती रही।

## अखिलेश यादव बोले, भाजपा राज में महंगाई और बेरोजगारी के चलते लोग कर्ज में डूब रहे



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह फेल साबित हुई है। बेरोजगारी के चलते लोग कर्ज में डूब रहे हैं।सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में अवैध वसूली और लूट के चलते जनता की जेब पर महंगाई का डाका पड़ रहा है। टमाटर हो या अदरक, परवल, शिमला मिर्च, हरी मिर्च हो या मशरूम सभी के दाम आसमान छूने लगे हैं। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के चलते लोग कर्ज में डूबते जा रहे हैं। उधर, अखिलेश ने रोडवेज बस को धक्का लगाते लोगों का वीडियो टैग करते हुए ट्वीट किया है कि जनता कह रही है कि यहां डबल इंजन सरकार का मतलब है कि इंजन फेल, ड्राइवर नदारद। एक अन्य ट्वीट में लखनऊ में जलभराव की समस्या उठाते हुए

उन्होंने कहा कि राजधानी को एआई सिटी बनाने का झूठा ख्वाब दिखाने से अच्छा है, सच्ची हकीकत को समझा जाए। जिसके कारण लोगों का जीवन खतरे में पड़ रहा है।दूसरी ओर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सर्व सेवा संघ, राजघाट वाराणसी की भूमि पर वर्ष 1962 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने गांधी विद्या संस्थान की स्थापना की थी। वाराणसी के कमिश्नर ने कब्जा कर इसे एक सरकारी संस्थान को सौंप दिया है और ध्वस्तीकरण की धमकी भी दी है। अखिलेश ने इस फैसले को अनुचित बताया है। कहा कि भाजपा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से चिढ़ जगजाहिर है।

## भाजपा कैसे इस नए कचरे से निपटती है, इसे देखने के लिए कर रहा इंतजार; NCP में फूट पर उद्धव का तंज



एनसीपी को लेकर बदली हालिया स्थितियों को लेकर जब उनसे भाजपा के बारे में पूछा गया तो टिप्पणी करते हुए उद्धव ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भाजपा इस बारे में कुछ भी कहने की हकदार है। उसे हमें उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। मैं बस यह देखने का इंतजार कर रहा हूं कि भाजपा नए कचरे को कैसे संभालती है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में चाचा-भतीजे के बीच की जंग अब पार्टी पर कब्जे तक आ गई है। इस बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए तंज कसा है। उन्होंने एनसीपी में फूट के एक सप्ताह बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि भाजपा इस नए कचरे से कैसे निपटेगी। बता दें कि दो जुलाई को पार्टी के मुखिया शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने एनडीए में शामिल होने का एलान कर दिया था। भाजपा की अगुआई वाली एनडीए गठबंधन की सरकार में अब वह डिप्टी सीएम भी हैं। अजित पवार गुट ने 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। इस दौरान उन्होंने एकनाथ शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी। ठाकरे ने कहा कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष को इस पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर स्पीकर इसे दरकिनार कर देते हैं तो सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे हमारे लिए हमेशा खुले हैं। विदर्भ क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा शुरू करने के बाद नागपुर में पत्रकारों से वार्ता करने के दौरान उन्होंने यह बातें कहीं। एनसीपी को लेकर बदली हालिया स्थितियों को लेकर जब उनसे भाजपा के बारे में पूछा गया तो टिप्पणी करते हुए उद्धव ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भाजपा इस बारे में कुछ भी कहने की हकदार है। उसे हमें उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। मैं बस यह देखने का इंतजार कर रहा हूं कि भाजपा नए मतभेदों को कैसे संभालती है। उनका ये बयान महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की टिप्पणियों के संदर्भ में आया है। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 40 विधायकों और उनके बेटे आदित्य ठाकरे सहित उद्धव ठाकरे गुट के 14 विधायकों को नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के जरिए उनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर जवाब मांगा गया है। इन विधायकों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। वहीं, इससे एक दिन पहले यानी शुक्रवार को नार्वेकर ने सीएम शिंदे सहित शिवसेना के 16 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करेंगे। बता दें कि बीते साल जून शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ एकनाथ शिंदे सहित 40 विधायकों ने विद्रोह कर दिया था। ऐसा करके उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार गिरा दी थी। बाद में शिंदे बीजेपी के समर्थन से सीएम भी बने। वहीं, अब बीती 2 जुलाई को एनसीपी प्रमुख शरद पवार के भतीजे अजित ने अपनी पार्टी से बगावत कर दी है।

## नगर विकास मंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश, जल निकासी का बेहतर प्रबंध करें, फील्ड पर जाएं



यूपी के नगर विकास मंत्री ने बारिश के कारण शहरी क्षेत्रों में हो रही समस्याओं पर अफसरों व कर्मचारियों से चर्चा की और सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन सुविधाओं को लेकर कहीं से भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम में प्रदेश के नगरीय निकायों की जल निकासी, साफ-सफाई, कूड़ा उठान, सुंदरीकरण, सड़क मरम्मत तथा जन सुविधाओं के सुचारु संचालन के कार्यों में कहीं पर भी ढिलाई न बरती जाए। निकाय अधिकारी प्रतिदिन क्षेत्रों में जाकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें और नागरिकों के सामने उत्पन्न समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। कहीं से भी जन सुविधाओं को लेकर शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा उनके सुझाव पर अमल करने की बात भी कही।नगर विकास मंत्री ने रविवार को कालिदास मार्ग स्थित आवास से वर्चुअल बैठक कर सभी निकाय अधिकारियों को यह जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात में जलभराव, सड़कों के टूटने, मलेरिया, डेंगू और संचारी रोगों के फैलने की समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे निपटने के लिए पहले से ही पूर्ण तैयारी एवं सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहीं पर भी जलभराव न हो इसके लिए जल निकासी हेतु पंपिंग स्टेशनों को चालू हालत में रखने और जहां जरूरी हो अतिरिक्त पंप की व्यवस्था करने को कहा है। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने और वहां पर पानी के निकास की उचित व्यवस्था करने को भी कहा। उन्होंने सभी नाले, नालियों को साफ रखने और उनके चोकिंग पॉइंट की भी नियमित निगरानी करने को कहा जिससे पानी की निकासी में कोई रुकावट न पैदा हो। नगर विकास मंत्री ने बरसात के कारण टूट रही सड़कों और हो रहे गड्ढों की भराई और मरम्मत कार्य को युद्धस्तर पर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात में पानी भरने से सड़कों के टूटने और गड्ढे होने का पता नहीं चलता जिससे अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। सावन का पवित्र महीना भी चल रहा है कांवड लेकर श्रद्धालु चल रहे हैं।

उन्हें मार्गों पर किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए कावड़ मार्गों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को भी सीवर और जल आपूर्ति पाइप के लिए की गई खुदाई को शीघ्र पाटने को कहा। नगरों की स्ट्रीट लाइट को व्यवस्थित करे, जिससे लोगों को आने जाने में आसानी हो। उन्होंने इस समय साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। कूड़ा उठान एवं साफ-सफाई नियमित की जाए जिससे गंदगी और रोगों से लोगों को परेशानी न हो। गंदगी से बरसात में मच्छर जनित बीमारियां मलेरिया, डेंगू, संचारी रोग पनपते हैं। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य एवं मलेरिया विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें और जलभराव वाले क्षेत्रों, नाले, नालियों में जरूरी दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग कराएं। उन्होंने नगरों के सुशोभन और सुंदरीकरण पर भी ध्यान देने को कहा। नगर विकास मंत्री ने सभी निकाय अधिकारियों को कहा है कि जन सुविधाओं के सुचारू संचालन के कार्यों में कहीं पर भी ढिलाई न बरती जाए। लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने डी ट्रिपल सी के माध्यम से निकाय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और 1533 पर आई शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक नगरी निकाय नितिन बंसल, सभी नगर आयुक्त, नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

## संपादकीय Editorial

# Third jump on the moon

India is about to take another leap into space. Chandrayaan-3, the third mission to go to the moon, will be launched on July 14. If this effort of ISRO is successful, it will be the only natural satellite of the Earth to reach the Moon's orbit by covering a distance of about 3.84 lakh kilometers. After that success, India will be the fourth country in the elite club of USA, Russia and China. It is estimated that the Vikram lander of our mission will be able to land safely on the lunar surface by 23-24 August. That achievement will be historic and India will set a new dimension in the field of space science.

The journey that started with a bicycle and a bullock cart is today of a global scale and more than 400 companies are working in the space sector in India. India is the 5th country after USA, China, Japan, UK, where there is so much expansion of space research and business.

Now America has entered into an agreement with us that its NASA will work with our ISRO on joint missions, business and research. This change and expansion is truly revolutionary in the context of India. India has faced constant neglect and criticism during its space development journey.

India is a country of snakes, dung and dirty villages, we could not break this image for decades. Today, more than 140 startups in space technology are operating in India, whereas at one point there was only one startup operating in the country.

This progress has made India stand in the group of super power countries. The space economy in the world is worth Rs 30 lakh crore. India's contribution in this is around Rs 58,000 crore. India has set a decade target that it will launch 30000 satellites. This is a huge target.

What characterizes our space startups is their focus on innovation. They do not want to beat the streak of America and Europe, but their capable space engineers are constantly doing new research. As a result, there is a competition among the world's biggest companies as to who invests maximum in these startups.

ISRO has set many records in space jump, so after 2014, 44 missions and 42 launch vehicle missions are in the name of India. However, the Chandrayaan-2 mission failed shortly before landing on the lunar surface. The moment was emotional and painful, but experiments never stop.

Now if the mission of July 14 is successful, then India will be the fourth country in the world.

We should wait for those moments. This research and experiments have been done by our scientists, which are completely in the interest of the country, so comparing such missions with potholes on the social media platform is condemnable. It is also a kind of treason. We do not understand such freedom of expression.

However, when those glorious moments come, we too will see the live telecast of the rocketed satellite going towards the sky. Then after that we will analyze what was the conclusion of our efforts. Indians should pray to God that this time the result should not be like Chandrayaan-2, but we should get success.

Last time also when our mission failed, the country was plunged into deep despair and even the ISRO chief could not hold back his tears. At that time, Prime Minister Narendra Modi had assured the scientists that the cycle of success and failure goes on. Hope this time scientists will learn from the previous failure.

# Constitution: Personal laws need to be reformed, policy directive principles need to be debated

The Indian Constitution has a whole chapter on the Directive Principles of State Policy. It is sad that there is hardly any debate about these guiding principles. These are not on the agenda of the government. Article 44 alone has captured the political space thanks to the favor of the RSS-BJP and some observations of the Supreme Court. The Indian Constitution has a whole chapter on the Directive Principles of State Policy. Article 44 is one of the 18 articles given in Chapter-IV. From the point of view of equality and non-discrimination, the directions given in Article 38(2) regarding the reduction of inequality in income and the elimination of inequality of status, facilities and opportunities are important. From the point of view of social and economic justice, the instructions given in Article 39 is the main pillar of this chapter. Article 43 directs the state to secure 'livelihood' and this is the aspiration of millions of working class people. It is sad that there is hardly any debate about these guiding principles. These are not on the agenda of the government. Article 44 alone has captured the political space thanks to the favor of the RSS-BJP and some observations of the Supreme Court. words have meaning- Let us consider the language of Article 44: 'The State shall endeavor to secure for the citizens a uniform civil code throughout the territory of India.' These words have meaning. The meaning of a word is not as it is, 'what I choose it to mean'. 'Equal' does not mean 'universal'. 'endeavour to ensure' does not mean 'shall ensure'. Babasaheb Ambedkar and his associates were not ignorant. He had a deep knowledge and understanding of the Indian people's history, religions, caste differences, social and family systems, cultural practices and customs, and chose the words of chapter four very carefully. Uniform Civil Code (UCC) is the short form of Personal Laws. It deals with four areas of law: marriage and divorce, succession and inheritance, minors and guardianship, and adoption and maintenance. Over the centuries, the personal laws of different classes of people and different geographical regions of the country have evolved in different ways. The ruler of the people played an important role in this development. Religion also played an important role. Geography, fertility, conquest, migration and foreign influences also influenced personal lawsReforms started in 1955- Personal law as it exists today includes gender discrimination as well as non-gender discrimination. Unscientific and unhealthy practices exist. Some socially reprehensible practices and customs also exist. There is undoubtedly a need for reform in such aspects of personal laws. Reform of personal laws is not a new thing. It has been on the national agenda since the time of the framing of the Constitution. It was one of the foremost priorities of the first Parliament of India (1952–57). Supporters of reform included Jawaharlal Nehru and Babasaheb Ambedkar. Four major Acts were passed, revising and codifying Hindu law, despite opposition from conservative and narrow sections of people: Hindu Marriage Act, 1955 Hindu Succession Act, 1956 Hindu Minority and Guardianship Act, 1956 Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956 A young nation had done remarkable work in the form of reforms in the personal laws of the majority Hindu community. It was revolutionary, but the revolution allowed some aspects to remain. Not all discriminatory provisions were removed: the Hindu undivided family was accepted as a legal unit; And the customs and practices connected with marriage were recognized as an exception. The surname is important, as most marriages in India are arranged according to custom. Further amendments were made in the years 1961, 1962, 1964, 1976, 1978, 1999, 2001 and 2003. During the years 2005 to 2008, the UPA government made some more reforms. Three of the four Acts mentioned above were amended. Among these, giving equal rights to daughters and sons on property was a revolutionary change. The Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005, the Prohibition of Child Marriage Act, 2006 and the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 were passed. Where the legislative bodies hesitated, the courts came to the fore. On August 22, 2017, the Supreme Court declared the practice of talaq-e-biddat (triple talaq) among Muslims as unconstitutional. Focus on 21st Law Commission- When we were faced with personal laws of tribals, we fell silent. None of the four Acts mentioned above apply to the Scheduled Tribes in Article 366, Clause 25 of the Constitution. The Sixth Schedule to the Constitution was added to the administration of the tribal areas of Assam, Meghalaya, Tripura and Mizoram and included an amendment to empower the district councils and regional councils of these states to make laws regarding succession, marriage, divorce and social customs. Paragraph added. Special provisions were made to protect religious or social customs and customary law in Nagaland (Article 371A), Sikkim (Article 371F) and Mizoram (Article 371G). Tribal organizations in Chhattisgarh and Jharkhand are demanding similar special provisions. There is definitely a need for further reforms in the personal laws. The 21st Law Commission has given discretion has advised: 'This commission considered laws that are discriminatory, not the UCC which is neither necessary nor desirable at this point of time...Cultural diversity should not be compromised to such an extent that Our insistence for uniformity may in itself become a threat to the territorial integrity of the country. The Hon'ble Prime Minister has presented the issue in such a way that one can only respond for or against the UCC. This approach treats the people of India like dumb sheep. The nuanced approach would be to start a meaningful conversation about the reforms that are needed in all personal laws, including Muslim law. The key word is reform, not uniform.

# Concern: And now one earth is not enough, because its own roots are being cut in the name of development

Man is cutting the branch on which he is sitting for the development of life. The natural development which embellished him with full intellectual abilities, he is writing the story of his own extinction by digging the roots of the same. In a recent interview, Paul Ehrlich, the well-known author of The Population Bomb, said that we need five more Earths to maintain our current lifestyle. The human population, which controls all living creatures and even microorganisms on Earth, is consuming natural resources 175 percent more than their renewable capacity. In such a situation, what will be the future of life on earth and of mankind itself? Where are there so many earths, which can fulfill human's indulgence and lust? The condition and direction of life on earth has never remained stable. Change is the law of the universe and also the law and order of life on earth. If this was not the case, evolution would not have dominated and we would not have existed. Innumerable changes take place in the universe, so also in the earth and its life. From one cell of our body to the whole biosphere and from one atom to the whole universe, all the changes move on the same axis. Life development is the change that moves with a rhythm on the earth.

The journey of development has been going on continuously since the earth came into existence till date. In this continuous journey of development, the earth has become increasingly dense with bio-diversity. In natural evolution, a time period is fixed for the existence of each species. After the origin of life on earth, some 30 billion species have played in the lap of nature, out of which an estimated 8.5 million are still in existence and the rest have become extinct. Thus the eventual extinction of each species is an integral aspect of the law of natural evolution. Due to many physical-biological reasons, no species becomes extinct untimely, for this, there is a system of natural development that that species should be in maximum number and it should have many genetic forms. The dominance of a species lasts for millions of years, but the life of its members is only a fraction of the life of the species. There is a background rate, or normal rate, of the extinction of a species, which has become extinct in the biological and geological history of the Earth. refers to the standard rate of occurrence with no human intervention in Earth's ecosystems.

The human species has been able to alter the Earth's natural ecosystems and to invade and influence the survival of all living organisms in their natural habitats. There is little chance that the extinction rate is still in line with background rates. Thus, background rates are calculated with reference to the pre-human period, or the period between major extinction events. Life on Earth has experienced five mass extinction events in the geological and biological history of the planet. The story of mass extinction on Earth began about 4,400 trillion years ago, in what is called the Ordovician period. In that destruction, 86 percent of the species of the earth were forever absorbed in the cheek of time.

The second mass extinction occurred 3,750 billion years ago, in which 75 percent of species were destroyed. Scientists have named this period as Late Devonian. About 2500 trillion years ago, about 96 percent of the species from the earth were destroyed forever. This third mass extinction event is said to be the most devastating of the five. The fourth mass extinction occurred in the Triassic-Jurassic period 2000 billion years ago, in which the Earth lost 80 percent of its species forever. The fifth mass extinction event occurred about 650 trillion years ago, wiping out about 75 percent of species, including dinosaurs. Some experts believe that the fifth mass extinction was caused by a huge meteorite hitting the Earth.

Mass extinction has been a phenomenon associated with natural disasters. But in this human-dominated period called the Anthropocene, the destruction that is going on at present and which is going to be an unprecedented catastrophe for the planet in the near future, is all the result of human activities. Mankind has exploited the natural resources to such an extent that now its own future is in danger. Water, air, and soil have all been polluted and the ecological balance has been disturbed so much that innumerable species have reached the brink of extinction.

The rate of species extinction in the Anthropocene is 100 to 1,000 times the normal rate. This is the sixth mass extinction, which will increase with the climate vicious circle. Climate change itself is one of the saddest chapters in the history of life evolution on earth due to human activities. Man is cutting the branch on which he is sitting for the development of life. The natural development which embellished him with full intellectual abilities, he is writing the story of his own extinction by digging the roots of the same.

# 12 से अधिक गांवों में घुसा ढेला नदी का पानी, 20 हजार लोग प्रभावित...किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें









मुरादाबाद- पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश का असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है। जिले में ढेला नदी और गांगन नदी का जलस्तर बढ़ गया है। हालात ये हैं कि ढेला नदी का पानी विवेकानंद पुल से काशीपुर रोड पर इस्लाम नगर और काफियाबाद के पास सड़क के ऊपर से बह रहा है। रोड पर करीब 200 मीटर से अधिक हिस्से पर ढाई फीट तक नदी का पानी आने से यहां वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काशीपुर लिंक रोड के आस-पास बसे 12 से अधिक गांवों में नदी का पानी घुसने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। खेतों में भी दो से तीन फीट तक नदी का पानी जमा हो गया है। भोजपुर के काफियाबाद, घोसीपुरा, खैय्या खद्दड़, शाहपुर गनीनगर, अक्का, मंसूमपुर, पीपलसाना, कोनी का मजरा, लालूवाला, त्रिलोकपुर, कोनी, इस्लामनगर समेत 12 से अधिक गांवों में ढेला नदी का पानी घुसने से करीब 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। मुरादाबाद - काशीपुर लिंक रोड पर इस्लाम नगर और काफियाबाद गांव के पास ढेला नदी रोड पर होकर बह रही है। जिसकी वजह इस रोड पर आवागमन भी ठप हो गया है। राहगीर गांव के एक छोर से दूसरे छोर जाने के लिए वैकल्पिक बेलगाड़ी और ट्रेक्टर-ट्राली का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारी बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। किसानों की खेतों में तैयार खड़ी हजारों एकड़ फसल पानी में डूब गई है। पीड़ित किसानों का कहना है

कि वे पशुओं के लिए चारा तक नहीं ला पा रहे हैं। इनमें से कुछ गांवों में पानी शुक्रवार को देर रात आया है, जबकि कुछ गांवों में दिन में ही पानी आ गया था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में हमेशा ही बरसात के मौसम में ढेला नदी का पानी सड़क के ऊपर से बहता है। आपको बता दें कि यहां पिछले 15 सालों से भी अधिक समय से पुल बनाने की मांग हो रही है। लेकिन, कई बार ज्ञापन देने और प्रदर्शन करने के बाद भी आजतक किसी भी पार्टी के नेता ने यहां पुल बनवाने के लिए ध्यान नहीं दिया है। उत्तराखंड में पहाड़ों पर हो रही बारिश के बाद अब मैदानी इलाकों में भी मॉनसून पहुंचने के बाद नदियां उफान पर आ गई हैं।

अगर इसी तरह बारिश होती रही तो पश्चिम उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में नदियों का जलस्तर कितना बढ़ जाएगा कि नदी किनारे बनी हुई कॉलोनियों में भी पानी भर जाएगा। वर्ष 2010 में भी पहाड़ों में हुई भारी बारिश का असर मुरादाबाद की कई पॉश कॉलोनियों में देखने को मिला था। मुरादाबाद की रामगंगा विहार, जिगर कॉलोनी, सिविल लाइंस सहित दर्जनों कालोनियों कई दिन तक नदी के पानी में डूब गई थी।

# 17 जुलाई तक इन मार्गों से गुजरेंगे भारी वाहन, सुबह छह से शाम चार बजे तक रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

मुरादाबाद-बिजनौर, हरिद्वार की रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैंड से व अन्य भारी वाहन ठाकुरद्वारा, काशीपुर, जसपुर, शेरकोट, धामपुर होते हुए बिजनौर-हरिद्वार जाएंगे श्रावण महीने के पहले सोमवार और 15 जुलाई को शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए लाखों कांवड़ियों के आने को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने अब यातायात डायवर्जन को पहले चरण में 17 जुलाई तक प्रभावी कर दिया है। इसके बाद आगामी दिनों में शुक्रवार से सोमवार तक इसका पालन करना होगा। बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन मिलक, शाहाबाद होकर जाएंगे। जबकि मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार की रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैंड से व अन्य भारी वाहन ठाकुरद्वारा, काशीपुर, जसपुर, शेरकोट, धामपुर होते हुए बिजनौर-हरिद्वार जाएंगे। प्रशासन ने लोगों को कांवड़ यात्रा के दौरान परिवर्तित यातायात व्यवस्था का पालन करने के लिए कहा है। श्रावण महीने का पहला सोमवार 10 जुलाई को पड़ेगा। इसी सप्ताह में 15 जुलाई को श्रावण मास की शिवरात्रि है। जिस दिन बड़ी संख्या में शिवभक्त गंगाजल से अपने आराध्य भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए हरिद्वार, बृजघाट से पवित्र गंगा जल लेकर आते हैं। दस लाख से अधिक कांवड़ियों के आने का अनुमान यातायात पुलिस अधीक्षक को है। इसको देखते हुए रविवार से रूट डायवर्जन प्रभावी कर दिया गया है। यह व्यवस्था अब 17 जुलाई तक हर दिन नियमित रूप से लागू रहेगा। इसके बाद 21 जुलाई से 28 अगस्त तक के दिनों में हर सप्ताह शुक्रवार से सोमवार तक सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने रामपुर, संभल, बिजनौर व अमरोहा के जिले एसपी को भी व्यवस्था पालन में सहयोग के निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक डायवर्जन के अनुरूप संबंधित थानाध्यक्ष एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्थलों पर ड्यूटी लगाएंगे। उनका कहना है कि ट्रैफिक डायवर्जन में मार्ग और समय जरूरत के हिसाब से परिवर्तन किया जाएगा। फिलहाल पुलिस संख्या देखकर शहर के मार्गों पर यातायात को डायवर्ट करने को कहा है। यातायात निरीक्षक पवन कुमार त्यागी ने बताया कि ट्रैफिक डायवर्जन प्रभावी है। शनिवार को बिजनौर मार्ग पर शहर का यातायात सामान्य रखा गया लेकिन, भारी व लोडेड वाहनों का अवागमन रोका गया। ट्रैफिक की यही स्थिति दिल्ली रोड पर भी रही।

## ट्रैफिक डायवर्जन रूट निर्धारित

मुरादाबाद से बिजनौर/हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैंड से व अन्य भारी वाहन ठाकुरद्वारा, काशीपुर, जसपुर, अफजल गढ़, शेरकोट, धामपुर होते हुए बिजनौर व हरिद्वार की ओर आवागमन करेंगे। मुरादाबाद से बिजनौर की ओर जाने वाले हल्के वाहन वाया टीएमयू अस्पताल से शेरुआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर होकर बिजनौर जाएंगे। इसी मार्ग से वापस भी आएंगे। वाहन ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजल गढ़, शेरकोट, धामपुर, नहटोर, झालू होकर बिजनौर की तरफ आवागमन करेंगे। बिजनौर रोड से बरेली/रामपुर जाने वाले हल्के वाहन कोठीवाल डेंटल कॉलेज कट से ठाकुरद्वारा बाईपास होकर भोजपुर होते हुए काशीपुर तिराहा होकर रामपुर-बरेली जाएंगे। कांवड़ियों की संख्या एवं मार्ग की व्यस्तता के दृष्टिगत बिजनौर की तरफ से आने वाले हल्के वाहन अगवानपुर बाईपास से टीएमयू की तरफ से हाईवे से रामपुर-बरेली की तरफ पास कराए जाएंगे। मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार व मुजफ्फरनगर को जाने वाले भारी वाहन मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, धामपुर, बिजनौर से जाएंगे। मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार जाने वाले वाहन बिलारी, सिरसी, संभल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर होकर बिजनौर-हरिद्वार पहुंचेंगे। बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन वाया मिलक, शाहबाद, बिलारी, सिरसी, संभल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली आवागमन करेंगे। रामपुर से मुरादाबाद की ओर आने वाला भारी वाहन वाया शाहबाद, बिलारी होकर आवागमन करेंगे। रोडवेज बसें अस्थाई स्टैंड आजाद नगर पहुंच सकेंगी। मुरादाबाद से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई स्टैंड आजाद नगर कटघर से बिलारी, सिरसी, संभल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर होकर दिल्ली-मेरठ के लिए आवागमन करेंगे।

# मुरादाबाद में ढेला व अमरोहा में गंगा का जलस्तर बढ़ा, रामपुर में नदियां उफनाईं... संभल में बाढ़ से निपटने के किए इंतजाम

मुरादाबाद- मंडल के पांचों जिलों में बारिश का दौर जारी है। बिजनौर में शनिवार को नदियों का जलस्तर सामान्य रहा। नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। बाढ़ से निपटने को जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग ने संवेदनशील स्थलों पर बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं। लेखपाल, राजस्व कर्मी, पुलिस बल एवं सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर्स की चक्रीय क्रम में ड्यूटी लगाई गई है। रामपुर में शनिवार तक औसतन 70.3 मिलीमीटर बारिश हुई है। यह सामान्य से आठ मिमी कम है। नहर खंड के अधिशासी अधिकारी सियाराम ने बताया कि मानसून देर से आया। इसके बाद पांच, छह और सात जुलाई को अधिक बारिश हुई। तीन दिन से हो रही बारिश से नदियां उफना गई हैं। संभल के गुन्नौर क्षेत्र से गुजर रही गंगा में जलस्तर बढ़ने पर पांच गांवों में बाढ़ की आशंका के मद्देनजर तैयारी की गई है। तहसीलदार दीपक चौधरी ने बताया कि 12 शरणार्थी केंद्र, एक प्लाटून पीएसी व एक कंपनी गोताखोरों का प्रबंध किया गया है। शनिवार को नरौरा बैराज से निचले स्तर पर 35320 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जबकि ऊपरी सतह पर 46312 क्यूसेक पानी बह रहा है। उधर, अमरोहा में भी तीन दिन से रुक-रुक बारिश हो रही है। गजरौला में गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गंगा धाम तिगरी के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र और गंगा के कटान सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया। डीएम ने नाव में सवार होकर बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ जायजा लिया। कई जगह कटान देख अधिकारियों को रोकथाम के निर्देश दिए। मुरादाबाद में बारिश की वजह से ढेला नदी का जलस्तर बढ़ गया है। करीब 12 घंटे से ढेला नदी का पानी मुरादाबाद-विवेकानंद पुल- काशीपुर रोड पर इस्लाम नगर, काफियाबाद के पास सड़क के ऊपर से बह रहा है। इसके अलावा 12 से अधिक गांवों में ढेला नदी का पानी घुस गया है। खेतों में करीब 2 से 3 फीट तक पानी है।

# कांवड़ यात्रा...थाना स्टाफ के साथ 975 अतिरिक्त पुलिसकर्मी देंगे सुरक्षा, तीन लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान



मुरादाबाद- कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस विशेष रूप से सतर्क की गयी है। प्रशासन को उम्मीद है कि सोमवार से यात्रा में गहमागहमी शुरू हो जाएगी। जिसमें श्रद्धालुओं की संख्या करीब ढाई से तीन लाख तक होने का अनुमान है। यहां कांवड़िये जत्थे में यात्रा करते हैं। इनमें 30 से 350 तक जत्थे हो सकते हैं। यात्रा के नोडल अधिकारी एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया की मानें तो अधिकारियों से चर्चा के बाद जिले को नौ जोन में बांटा गया है। जोन वार व्यवस्था रखने से यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी निकासी में आने वाली प्रत्येक बाधा को आसानी से निस्तारित किया जा सकेगा। वैसे उन्हें भरोसा है कि इंतजाम को देखते हुए कांवड़ यात्रा की निकासी में कोई बाधा नहीं आएगी। व्यवस्था में लगे प्रत्येक पुलिस अधिकारी और कांस्टेबल को प्रशिक्षित भी किया गया है। हर जोन में सीओ-इंस्पेक्टर अतिरिक्त रूप से लगाए गए हैं। प्रत्येक जोन में थाना स्टाफ के अलावा कुल 975 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यह फोर्स संबंधित थानों में पहुंच भी गया है। फोर्स को सक्रिय कर दिया गया है। उधर, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि कांठ, छजलैट, पाकबड़ा, मूंढापांडे, सिविल लाइन, मझोला और नागफनी थाना क्षेत्रों में कांवड़ियों पर नजर रखने के लिए सीसी कैमरे लगाए गए हैं। पाकबड़ा व मूंढापांडे में जीरो प्वाइंट पर सीसी कैमरे लगे हैं। अन्य थाना क्षेत्रों में भी विभिन्न स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं। ऐसे सभी थाना क्षेत्रों में 80 से भी अधिक सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा अस्थाई तौर पर दो बस स्टैंड बना दिए गए हैं, जहां से परिवहन निगम की बसों का आवागमन रहेगा। सोमवार से प्रत्येक थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक ड्रोन से भी व्यवस्था की निगरानी कराएंगे। यातायात निरीक्षक पवन कुमार त्यागी ने बताया कि ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू कर दिया गया है। पहले दिन शनिवार को बिजनौर मार्ग पर शहर का यातायात सामान्य रखा गया लेकिन, भारी व लोडेड वाहनों का अवागमन रोका गया। ट्रैफिक की यही स्थिति दिल्ली रोड पर रही है। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों की संख्या देखकर शहर के यातायात को डायवर्ट किया जाएगा।

## कांधे पर कांवड़ और जुबां पर बम-बम भोले

शहर की सड़कों पर बम-बम भाले के जयकारे गूंजने लगे हैं। कांधे पर कांवड़ लिए कांवड़िये आने शुरू हो गए हैं। शनिवार को भी बारिश के बीच शिवभक्त शिवालयों की ओर चले जा रहे हैं। बारिश में भी शिवभक्तों का जोश और उत्साह बरकरार रहा। 10 जुलाई को सावन माह का पहला सोमवार है। इस दिन शिवालयों में आकर शिवभक्त महादेव का अभिषेक करेंगे। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िये शिवालयों के लिए रवाना हो चुके हैं। हालांकि अभी सड़कों पर उतनी संख्या नहीं है। लेकिन, शिवरात्रि के नजदीक आते-आते सड़कों पर शिवभक्तों की संख्या बढ़ने लगेगी। सुबह भी कांवड़िये बारिश के बीच शिवालयों की ओर कूच करते दिखे।

## कांवड़ क्षेत्र में ऐसे तय है ड्यूटी

प्रत्येक जोन में एक-एक क्षेत्राधिकारी व इंस्पेक्टर को जिम्मेदारी दी गयी है। इनके अलावा संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक व उनका स्टॉफ सक्रिय रहेगा। इनके सहयोग में 92 दारोगा, 152 हेड कांस्टेबल, 416 कांस्टेबल, 147 महिला कांस्टेबल, 150 होमगार्ड भी तैनात किए गए हैं। कांवड़ियों के लिए निर्देश- निर्धारित अपने मार्ग पर ही चलें। मार्ग किनारे लगाए गए शिविर में विश्राम करें। कांवड़/डीजे की ऊंचाई 12 फिट से अधिक न रखें। डीजे निर्धारित मानक के अनुरूप ही बजाएं। सहजता से निकलें, आप सीसी कैमरे की निगरानी में हैं। सड़क पर विश्राम कतई न करें, नियम पालन करें। कांवड़ियों के स्वागत में बोर्ड भी लगे हैं, इन पर 112 नंबर भी अंकन है। कांवड़ यात्रा की व्यवस्था में बनाए गए जोन -थाना क्षेत्र - जोन संख्या कांठ-छजलैट- प्रथम सिविल लाइन- मझोला - द्वितीय कोतवाली-मुगलपुरा - तृतीय 84 घंटा मंदिर - नागफनी चतुर्थ कटघर - गलशहीद -पांचवां दस सराय चौकी-जयंतीपुर छठवां पाकबड़ा-मूंढापांडे - सातवां ठाकुरद्वारा, भोजपुर, भगतपुर, डिलारी आठवां बिलारी, कुंदरकी, मैनाठेर, सोनकपुर नौवां कांवड़ियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 9258109430




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिला प्रशासन लुधियाना बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है: डिप्टी कमिश्नर



सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना- पूरे राज्य और हिमाचल प्रदेश के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले 2 दिनों में भारी बारिश के कारण; नदियों और नहरों में पानी का प्रवाह बढ़ गया है। जिला प्रशासन लुधियाना बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। नगर निगम लुधियाना और एक्सईएन ड्रेनेज की टीमें यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं कि क्रमश: शहर और जिले में जल-जमाव न हो। रोपड़ हेडवर्क्स से पानी छोड़ दिया गया है जो दोपहर तक लुधियाना सतलुज पहुंच जाएगा। आसपास की पंचायतों को अलर्ट पर रहने की सलाह दी गई है और कहा गया है कि कोई भी तटबंध के पास न जाए। इसके अलावा, बुड्ढा दरिया में प्रवाह के बढ़ते स्तर के कारण, दरिया के किनारे निचले इलाकों और घरों/झुग्गियों पर विशेष रूप से निगरानी बढ़ा दी गई है। सभी टीमें स्टैंडबाय पर हैं; सभी राजस्व अधिकारी मुनादी करवा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर राहत शिविरों के लिए ऊंची जमीन की पहचान कर रहे हैं। जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद के लिए जिला प्रशासन गैर सरकारी संगठनों/औद्योगिक संघों/गुरुद्वारों के साथ भी गठजोड़ कर रहा है। जिला प्रशासन लुधियाना ने एनडीआरएफ जैसी सभी राहत एजेंसियों के साथ भी समझौता किया है, सभी उपकरणों और कर्मचारियों का आविष्कार किया है और सड़कों पर जल जमाव से निपटने के लिए एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के साथ गठजोड़ कर रहा है।

# सीटी यूनिवर्सिटी में फहराया गया 25 मीटर का राष्ट्रीय ध्वज

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना- चल रहे आजादी का अमृत महोत्सव की भावना में, सीटी यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से सीटी यूनिवर्सिटी में एक भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया। एकता और देशभक्ति को बढ़ावा देने की संस्था की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर। समारोह का मुख्य आकर्षण 25 मीटर के शानदार झंडे की स्थापना थी, जो इस क्षेत्र के सबसे बड़े झंडे में से एक है, जो सीटी यूनिवर्सिटी में गर्व से ऊंचा खड़ा है। यह स्मारकीय ध्वज हमारे महान राष्ट्र के प्रति हमारे गहरे प्रेम और अटूट भक्ति का प्रतीक है। सम्मानित अतिथि 3 पीबी बीएन एनसीसी लुधियाना के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नरेश कुमार, सम्मानित मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित हुए। अपनी टिप्पणी में, कर्नल नरेश कुमार ने इस आयोजन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए



कहा, 卐सीटी विश्वविद्यालय में इस तरह के भव्य ध्वजारोहण समारोह को देखकर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एनसीसी, एनएसएस कैडेटों के साथ-साथ छात्रों द्वारा दिखाया गया समर्पण और उत्साह फाउंडेशन क्लास सराहनीय है। यह झंडा एकता और ताकत के प्रतीक के रूप में कार्य करता है, जो हमें हमारे राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। चांसलर चरणजीत सिंह चन्नी ने भी इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 卐सीटी यूनिवर्सिटी इस महत्वपूर्ण ध्वजारोहण समारोह की मेजबानी करने में बहुत गर्व महसूस करती है। एकता और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने के लिए हमारे छात्रों की सक्रिय भागीदारी और समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है। यह ध्वज यह हमारे समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले जिम्मेदार नागरिकों को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस अवसर पर चांसलर चरणजीत सिंह चन्नी, वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह, प्रो वाइस चांसलर (कार्यवाहक) अभिषेक त्रिपाठी, निदेशक योजना एवं विकास डॉ. अति प्रिये, उप निदेशक, छात्र कल्याण विभाग दविंदर सिंह, डीन अकादमिक डॉ. अवधेश कुमार गुप्ता, स्कूलों के प्रमुख, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने निर्माणाधीन जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन जेल का प्रशासनिक भवन, टाइप-4 आवास, मल्टी परपज हाल, मुलाकाती, विजिटर शेट, आईडेंटीफिकेशन शेड, पुलिस चौकी, वाच टावर, सब स्टेशन, गैरेज, पार्किंग, पुरूष, बैरक, महिला बैरक, किचन शेड, आइसोलेशन कक्ष, मेन वाल, पार्टीशन वाल, सर्किल वाल, कैम्पस वाल, गोदाम एवं समस्त गेट लगने का कार्य पूर्ण पाया गया। जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियंता को निर्देश दिया है कि जेल के अधूरे निर्माणाधीन कार्यों को युद्धस्तर पर कार्य कराकर माह जुलाई के अन्त तक पूरा करा लिया जाए, ताकि समय से जेल का निर्माण कार्य पूरा होकर जिले के बंदियों को रखा जा सके। इस अवसर पर अवर अभियंता रजनीश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद अरोड़ा ने नागरिकों को असुविधा कम करने के प्रयासों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की



सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना- पूरे राज्य में पिछले दो दिनों में लगातार बारिश के कारण चिंताजनक स्थिति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, लुधियाना से क्आप% सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा ने लुधियाना के लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं क्योंकि जिला प्रशासन के तहत डीसी सुरभि मलिक और नगर निगम आयुक्त डॉ. शेना अग्रवाल चुनौती से निपटने के लिए सभी पर्याप्त उपाय कर रहे हैं। सभी संबंधित अधिकारी स्थिति से निपटने के लिए 24×7 काम कर रहे हैं। जिले के सभी प्रभावित क्षेत्रों में टीमें भेज दी गई हैं। अरोड़ा ने जिला लुधियाना में माछीवाड़ा के पास गांव सेंसोवाल खुर्द से 5 महिलाओं और 4 बच्चों सहित 22 लोगों को बचाने में त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन लुधियाना की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ये लोग एसबीएस नगर में नदी के दूसरी ओर खेतों में धान बोने गए थे और जलस्तर बढ़ने पर फंस गए। उन्होंने कहा कि एक विशेष नाव भेजी गई और इन 22 लोगों को गांव धुलेवाल वापस लाया गया। अरोड़ा ने सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और स्थिति की नियमित निगरानी करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की भी प्रशंसा की। अरोड़ा ने कहा कि यह गंभीर स्थिति न केवल लुधियाना और जिले के अन्य हिस्सों में बल्कि देश भर के कई अन्य हिस्सों में पैदा हुई है। 卐लेकिन, लोगों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि जिला प्रशासन लुधियाना के अधिकारी सतलुज नदी पर कड़ी नजर रख रहे हैं卐, उन्होंने कहा, लोगों को डीसी लुधियाना सुरभि मलिक द्वारा जारी एक सामान्य सलाह का पालन करना चाहिए जिसमें उल्लेख किया गया है सावधान रहना चाहिए, जब तक आवश्यक न हो भीड़भाड़ वाले/जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचना चाहिए और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और डॉक्टर द्वारा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधा की भी जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण काउंटर, प्रसव कक्ष, एक्स-रे वार्ड, जनरल वार्ड, जननी सुरक्षा वार्ड, नवनिर्मित ड्रग वेयर हाउस, मुख्य औषधि भंडार, पी0आई0सी0यू0 वार्ड, आपरेशन थियेटर, बी0पी0एम0यू0 कक्ष, यू0आई0पी0 स्टोर, इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0 मरीज पंजिका, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत



बनाए जा रहे गोल्डेन कार्ड कक्ष, आदि का बारीकी से निरीक्षण कर जानकारी ली, और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। आयुष्मान कक्ष में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान मित्र को फील्ड में भी जाकर पात्रों को प्रेरित कर कार्ड बनाकर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि अभियान चलाकर परिवार नियोजन कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाए। उन्होने कहा कि अस्पतालों में पुरूष महिला नसबन्दी, महिलाओं को प्रसव के बाद कापर टी, अंतरा इंजेक्शन, छाया टेबलेट, ओरल पिल्स, माला एन एवं निरोध भी मुफ्त दिया जा रहा है, जिसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि जरूरतमन्द इसे अपनाकर अपना जीवन खुशहाल बना सकें।जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को मानवीय संवेदनाओं के साथ सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं अनिवार्य रूप मुहैया कराई जाय। प्रसव के लिए आई महिलाओं की डिलवरी के बाद उनकी और उनके नवजात शिशुओं की बेहतर ढंग से देखभाल की जानी चाहिए, अगर लापरवाही की शिकायत मिली तो निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि प्रसव कक्ष एवं जच्चा-बच्चा वार्ड में मरीजों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि स्वास्थ्य सेवा में हीला-हवाली अब बर्दाश्त नही की जाएगी और लापरवाही बरतने पर चिकित्सक/पैरामेडिकल कर्मियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# विक्रम शर्मा हिमाचल प्रदेश को अध्यक्ष और वकील मुकेश पंडित हिमाचल प्रदेश के मुख्य बुलारा नियुक्त

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



